# अधिवक्ता परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से लालबाग में

**जालोर/बालोतरा,** (का.सं.)। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् का 17वां राष्ट्रीय अधिवेशन 26 से 28 दिसम्बर 2025 तक बालोतरा-नाकोड़ा स्थित लालबाग में आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय अधिवेशन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

आयोजन को लेकर पूरे जोधपुर प्रांत के अधिवक्ता कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से बालोतरा में डेरा डाले हुए हैं। आयोजन स्थल को गुरुवार को अंतिम रूप दिया जा चुका है। राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के सभी राज्यों से करीब चार हज़ार से अधिक अधिवक्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट एवं देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, भारत सरकार के वरिष्ठ विधि अधिकारी, केंद्रीय मंत्री तथा कानून जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। अधिवेशन का उद्घाटन समारोह 26 दिसम्बर को दोपहर 2.30 बजे से आयोजित होगा। इससे पहले सवेरे परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। उद्घाटन सत्र का केंद्रीय विषय भारतीय संविधान के 75 वर्ष : सामाजिक समरसता रखा गया है। इस अवसर पर परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता के. श्रीनिवास मूर्ति अध्यक्षीय संबोधन देंगे। परिषद् की गतिविधियों पर प्रतिवेदन सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं महासचिव डी. भरत कुमार प्रस्तुत करेंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विजय बिश्नोई, राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एवं केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहेंगे। अधिवक्ता परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन राजस्थान में पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी जोधपुर प्रांत कर रहा है।

जोधपुर प्रांत में जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, नागौर, फलोदी, डीडवाना, बीकानेर, श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिले शामिल हैं। अधिवेशन को लेकर पूरे प्रांत में उत्साह का माहौल है।

तीन दिवसीय अधिवेशन के दौरान संविधान, सामाजिक समरसता, कोर्ट रूम कल्चर, भारतीय चेतना एवं विधि व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में देशभर से आए वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायाधीश और विधि विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

साथ ही परिषद् की आगामी वर्षों की गतिविधियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। राष्ट्रीय अधिवेशन में राजस्थान की लोक कला और संस्कृति की भी विशेष झलक देखने को मिलेगी। जालोर जिले की बावड़ी के प्रसिद्ध गेरीये गेर दल द्वारा पारंपरिक गेर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। ढोल-थाली की थाप पर होने वाली यह प्रस्तुति देशभर से आए अधिवक्ताओं को राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराएगी।

राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का जायज़ा लेकर तैयारियों का मुआयना किया।

न्यायाधीश माथुर का कार्यक्रम स्थल पर बालोतरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम एल सुथार ने स्वागत किया। बाद में न्यायाधीश माथुर ने कॉन्फ्रेंस हॉल, भोजन पांडाल, जल मंदिर सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि विधिक जगत के लिए गहन मंथन और दूरदर्शी निर्णयों का एक सशक्त मंच बनेगा। अधिवक्ताओं से जुड़े समसामयिक विधिक विषयों पर गंभीर विमर्श, संगठन की भविष्य की नीतियों और रणनीतियों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय तथा समृद्ध भारतीय संस्कृति को दर्शाने वाली विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यह अधिवेशन अधिवक्ता परिषद् की भावी दिशा और दृष्टि को स्पष्ट रूप से निर्धारित करेगा।

इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन से बालोतरा न केवल देशभर से आए विधि विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों का केंद्र बनेगा, बल्कि अपनी आतिथ्य परंपरा, सांस्कृतिक पहचान और संगठनात्मक क्षमता के कारण राष्ट्रीय मानचित्र पर एक नई और सकारात्मक पहचान भी स्थापित करेगा।

यह अधिवेशन बालोतरा के लिए गौरव का अवसर होगा, जो इसे विधिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक विशिष्ट स्थान दिलाएगा।

## सार-समाचार

### एसीपी, दो निरीक्षक सहित 27 का सम्मान

**जोधपुर**,25 दिसंबर (कासं)।पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 27 पुलिस कर्मियों को नगद राशि से सम्मानित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने आज आदेश जारी किए। इसमें एसीपी पश्चिम छवि शर्मा और दो पुलिस निरीक्षक प्रतापनगर सदर थाने के गोविंद व्यास और पुलिस आयुक्तालय सांख्यिकी में कार्यरत निरीक्षक संतोष चौधरी शामिल है। इसके अलावा एसआई, एएसआई, हैडकांस्टेबल और कांस्टेबल को भी शामिल है। जिन्हें नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें एसीपी छवि शर्मा, निरीक्षक गोविंद व्यास, संतोष चौधरी, एसआई चंद्र शेखर, एएसआई खेत सिंह, हिम्मत सिंह, शिवलाल, यातायात हैडकांस्टेबल हनुमानसिंह, रिजर्व पुलिस लाइन के हैडकांस्टेबल गंगासिंह, ब्रजपाल, जगदीश को 501 रूपए मय प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। वहीं कांस्टेबल प्रकाश, रतनगुर्जर , जगदीश, बलवंतराम, गोपीचंद, बलवीर, मूलाराम, माया, ज्योति, पारसमल, जगदीश प्रसाद, महिपाल, मुन्नाराम को 101 रूपए मय प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया साथ ही अच्छा कार्य करने पर मेघसिंह भाटी, जितेंद्र सिंह एवं प्रेम सिंह कुं पावत को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### स्वर्णनगरी में क्रिसमस का जश्न

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर के जश्न के आगे कड़ाके की ठंड भी फीकी पड़ गई। मरुधरा की स्वर्णनगरी में क्रिसमस ईव की रात रोशनी, संगीत और खुशियों का ऐसा नजारा दिखा। 30 फीट ऊंचे सजे-धजे क्रिसमस ट्री, जिंगल बेल की धुन पर थिरकते कदम, सेंटा की मस्ती और 3सौ डिशेज के शाही बुफे के बीच देसी-विदेशी सैलानियों ने क्रिसमस को यादगार अंदाज में सेलिब्रेट किया। होटल, रिसॉर्ट और बाजार देर रात तक उत्सव के रंग में डूबे रहे। प्रमुख पर्यटन स्थलों और होटलों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। प्रभु यीशु के आगमन के स्वागत में कहीं सेंटा क्लोज बच्चों को चॉकलेट बांटते दिखे, तो कहीं लाइव बैंड की धुनों पर सैलानी बॉलीवुड गानों पर झूमते नजर आए। आधी रात तक स्वर्णनगरी में उत्सव का माहौल बना रहा।

### आयुर्वेद चिकित्सालय में सुशासन दिवस

**पाली**, (नि.सं.)। राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर शिवकुमार शर्मा एवं उनके कार्यरत कार्मिकों के द्वारा शपथ ली गई। कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों को सुशासन की शपथ दिलाई गई, जिसमें ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शिवकुमार शर्मा ने कहा कि सुशासन केवल एक दिवस नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है, जिसमें आमजन को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रिहत व सुशासन के संकल्प के साथ किया गया।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**रेवदर**, (नि.सं.)। मंडार थाना क्षेत्र के वरमाण रेवदर मुख्य हाइवे पर वरमाण के जैन मंदिर के आगे एव वाहन की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। थाना मंडार के एएसआई केलाशचंद्र ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि किसी वााहन ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी है। मौके पर पहुंचे एवं मौका मुआयना किया।ऑटो चालक मालाराम पुत्र अर्जुन राम जाति तुरी निवासी वरमाण की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। मृतक युवक मालाराम की पांच माह पूर्व ही शादी हुई थी। मृतक के शव को मंडार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया एवं पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### अस्पतालों में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुए

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन के दिवस 25 दिसंबर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर गुरूवार को जोधपुर एसएन मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत विभिन्न चिकित्सालय मथुरादास माथुर अस्पताल, कमला नेहरू चेस्ट संक्रामक रोग अस्पताल, महात्मा गांधी अस्पताल, जिला अस्पताल महिला बाग, सेटेलाइट हॉस्पिटल चौपासनी, उम्मेद अस्पताल, जिला अस्पताल पावटा में पुष्पांजली अर्पित की गई तथा चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा सुशासन दिवस 2025 की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर सभी ने निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करने की शपथ ली।

### सरस्वती बालिका स्कूल में तुलसी पूजन

**पाली**, (नि.सं.)। प्रधानाचार्य दीपिका ओझा ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा आज ताड़केश्वर रामेश्वर सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में तुलसी पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें बालिकाओं को तुलसी का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व बताया गया। चंद्रकला जांगिड़, ज्योति राजपुरोहित, ममता शर्मा, किरण राखेचा, महेंद् गोड़, मनोहर आसेरी, भारत सोलंकी, अशोक सोलंकी, दिगंबर व्यास, माया वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

## युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**जोधपुर**, (कासं)। जिले में एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर करीब तीन वर्ष से देह और आर्थिक शोषण किया गया। पीड़िता मंगलवार को कमिश्नरेट पूर्व के एक थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को दी जानकारी में पीड़िता ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी एक युवक से जान पहचान हुई और बाद में दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई।

इस दौरान युवक ने उसको शादी का झांसा देकर शहर की होटल में मुलाकात करने बुलाने लगा। इसी दौरान कई बार युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए।

आरोपी उसको जोधपुर से बाहर भी पर्यटक स्थलों पर घुमाने ले गया और वहां पर भी गेस्ट हाउस और होटलों में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। करीब तीन वर्ष से चल रहे इस प्रेम प्रसंग के बावजूद जब भी वो आरोपी युवक को शादी के लिए कहती वो टालमटोल करने लगा।

पीड़िता ने जब उससे ज्यादा जिद करनी शुरू की तो आरोपी युवक की हकीकत सामने आने लगी और वो उससे कन्नी काटने लगा। परेशान कर बदनाम करने की धमकियां देने लगा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

## माली समाज की 325 प्रतिभाओं का सम्मान

**जालोर**, (साबीर)। जालोरशहर के भीनमाल रोड स्थित वीरम नगर में माली समाज छात्रावास में गुरुवार को ज्योतिबा फुले शिक्षा जागृति मंच के तत्वावधान में माली समाज जालोर द्वारा 6वां करियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज की 325 प्रतिभाओं एवं भामाशाहों को बैग, डॉक्यूमेंट फोल्डर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के आहोर, भीनमाल, सांचौर, रानीवाड़ा, सायला, बागोड़ा एवं जालोर सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभाओं ने भाग लिया। ज्योतिबा फुले शिक्षा जागृति मंच द्वारा कक्षा 8, 10, 12, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा वर्ष 2025 में सरकारी नौकरी में नवचयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं एवं भामाशाहों को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं करियर विकल्पों को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

मुख्य अतिथि यूपीएससी में चयनित जयदीप गहलोत रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में भरत देवड़ा (एक्सईएन भीनमाल), रमेश सुंदेशा (सेवानिवृत्त तहसीलदार), डॉ. मनीषा सांखला (एमबीबीएस, पीजी गायनिक, एफएमसी) तथा ममता सोलंकी (व्याख्याता, जालोर) शामिल रही।

## करंट की चपेट से श्रमिक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बोरानाडा क्षेत्र सांईधाम मंदिर के पीछे एक कॉलोनी में भवन पर प्लास्टर कार्य करते श्रमिक को करंट लग गया। हादसे में घायल श्रमिक को अस्पताल लाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। उसके पिता की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस ने बताया कि मूलतः प्रतापगढ़ जिले के अरनोद स्थित अचलपुरिया का रहने वाला कारूलाल पुत्र लक्ष्मण मीणा यहां जोधपुर में रहकर कमठा मजदूरी करता था। वह सांईधाम मंदिर के पीछे एक कॉलोनी में भवन पर प्लास्टर कार्य कर रहा था।

तब उसे करंट लग गया और वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गय,ा मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके पिता लक्ष्मण मीणा ने मर्ग में रिपोर्ट दी है।

शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

## धोरीमन्ना में सुशासन मनाया

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में गुरुवार को धोरीमन्ना पंचायत समिति में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया।

इस दौरान वाजपेयी के आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ सुशासन की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर टीना डाबी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण का प्रतीक रहा है। उनके विचारों को अपनाकर प्रशासन को और मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने वाजपेयी के योगदान पर चर्चा करने के साथ उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला कलैक्टर टीना डाबी एवं जन प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों तथा कार्मिकों ने पंचायत समिति के वीसी रूम के माध्यम से वर्चुअली राज्य स्तरीय समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न जन प्रतिनिधि, उपखंड अधिकारी भंवरलाल, तहसीलदार, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## जालोर के वार्ड 23 में कार्यक्रम

**जालोर**,(का.सं.)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार एवं भाजपा जालोर जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में जालोर नगर के वार्ड सं 23 में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर अटल के कृतित्व और व्यक्तित्व को स्मरण किया।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश राजपुरोहित , जिला मंत्री एवं कार्यक्रम जिला सह संयोजक गीता बारोट, जिला कार्यालय मंत्री डिम्पल सिंह , सोशल मिडिया जिला संयोजक जोगेश सैन , स्थानीय निवर्तमान पार्षद दिनेश बारोट, शंकरलाल मीणा , भवरी देवी , राकेश मीणा, भरत कुमार , राजेश हिरागर ,धाकू देवी, जनता देवी समेत वार्डवासी उपस्थित रहे। वहीं भारतीय जनता पार्टी जालोर विधानसभा द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सुदृढ, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र के समस्त बूथों के बी.एल.ए.-2 एवं बूथ अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला हो रही है।

## सार-समाचार

### सी.एम. आज मेले का उद्घाटन करेंगे

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रामलीला मैदान (रावण चबूतरा ) में आयोजित हो रहे पश्चिम राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 का शुक्रवार को औपचारिक रूप से उद्घाटन होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस मेले का उद्घाटन कर मेले का अवलोकन भी करेंगे। उत्सव के मुख्य संयोजक महावीर चोपड़ा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 दिवसीय पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस मेले का शुक्रवार को विधिवत रूप से उद्घाटन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, वहीं कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ,जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली, राज्य पशु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। लघु उद्योग भारती के प्रांत महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मेला मैदान पहुंचेंगे , जहां नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा, इसके बाद वह मेले का उद्घाटन करेंगे और मेले में लगी स्टॉल का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य रूप से मेले के सेंट्रल पांडाल का अवलोकन करेंगे। सेंट्रल पांडाल में लगी प्रदर्शनी के माध्यम से पश्चिमी राजस्थान के प्रमुख उद्योगों के बारे में जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री के दौरे के मध्य नजर डीसीपी पश्चिम विनीत कुमार बंसल, एडीसीपी पश्चिम रोशन लाल मीणा और एसीपी छवि शर्मा ने सीएम सिक्योरिटी के साथ पूरे मेला स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति के पदाधिकारी के साथ भी कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की।

### प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। दया, प्रेम और करूणा के प्रतीक प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस गुरुवार को मसीही समाज ने उमंग और उल्लास के साथ मनाया। क्रिसमस पर शहर के सभी गिरजाघरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। गिरजाघरों में सवेरे प्रार्थना सभा हुई। प्रार्थना सभा और एक-दूसरों को क्रिसमस की बधाई देने के बाद गरीब व जरूरतमंद लोगों को उपहार बांटे गए। मसीही समाज के घरों में प्रभु यीशु के जन्म पर बड़े दिन से जुड़े खुशियों के गीत गाए। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर क्रिसमस के उपलक्ष्य में आकर्षक रोशनी से सजे चर्चो में मसीही समाज व कैथोलिक अनुयायियों ने मित्रों-परिजनों को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाई दी। इससे पहले बुधवार रात को जोधपुर शहर के सभी प्रमुख गिरिजाघरों में मिड-नाइट कैंडल लाइट सर्विस का आयोजन किया गया। मध्यरात्रि आराधना के बाद चर्च में क्रिसमस की बधाइयां देने का सिलसिला आरंभ हो गया था। सुबह सभी प्रमुख चर्च में क्रिसमस आराधना की गई। यहां प्रार्थना सभाओं में भारी तादाद में मसीह समाज के समर्थक साधकों ने भाग लिया। एसएम चर्च, सेंट थैरेसा चर्च, मेथोडिस्ट चर्च, कुड़ी आराधानायल, सेंट सेबेस्टियन चर्च गांगाणा, सेंट मदर टेरेसा चर्च, सेंट पायस चर्च सहित शहर के सभी चर्चों में विशेष आयोजन किए गए। यहां पर आकर्षक सजावट की गई।

### जल बिलों में मीटर सर्विस चार्ज से रोष

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सीमावर्ती जिले जैसलमेर में जलदाय विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को भेजे गए सितंबर-अक्टूबर माह के पानी के बिलों ने आम जनता के पसीने छुड़ा दिए हैं। विभाग ने इस बार प्रत्येक बिल में 44 का अतिरिक्त मीटर सर्विस शुल्क जोड़कर भेजा है, जो पिछले कई वर्षों से शून्य था। अचानक हुई इस बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। जैसलमेर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों उपभोक्ताओं के बिल में इस बार 44 अतिरिक्त जोड़कर आए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब उन्होंने खुद के खर्च पर मीटर लगवाए हैं, तो विभाग किस बात का सर्विस शुल्क वसूल रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक तरफ शहर पानी की किल्लत से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफ विभाग बिना किसी पूर्व सूचना के नए-नए शुल्क थोप रहा है। लोगों का आरोप है कि विभाग अपनी प्रशासनिक खामियों को छुपाने के लिए जनता की जेब पर डाका डाल रहा है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने यह अवैध वसूली तुरंत वापस नहीं ली, तो जलदाय कार्यालय के बाहर मटका फोड़ प्रदर्शन किया जाएगा और उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN — राजस्थान सरकार का उपक्रम — RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

HOSPITAL — THE MALL — HOTEL

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल भूखण्ड 391 | अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी 13 | वाणिज्यिक भूखण्ड 119 | आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग 68 | वे ब्रिज 07 | गोदाम 03 |
| दुकानें/ शोरूम 139 | होटल/ रेस्टोरेन्ट 13 | पेट्रोल पम्प/ फ्यूल फिलिंग स्टेशन 07 | स्कूल 07 | संस्थानिक 10 | कियोस्क 05 |

ईएमडी अंतिम तिथि: 29 दिसम्बर, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 30 दिसम्बर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 02 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 आबू रोड़ | 07 चूरू | 05 नागौर | 07 उदयपुर |
| 15 अजमेर | 10 बीकानेर | 19 पाली | 21 जयपुर (उत्तर) |
| 23 अलवर | 09 झुंझुनू | 18 झालावाड़ | 02 जयपुर (दक्षिण) |
| 13 भिवाड़ी-I | 20 भरतपुर | 28 किशनगढ़ | 08 जयपुर (ग्रामीण) |
| 13 भिवाड़ी-II | 01 बालोतरा | 19 राजसमंद | 12 ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 15 घिलोठ | 30 भीलवाड़ा | 10 कोटा | 09 जोधपुर |
| 04 दौसा | 22 नीमराना | 08 सीकर | 07 श्रीगंगानगर |
| 13 सवाईमाधोपुर | | 10 बोरानाडा | |

राज.संवाद/सी/25/16464

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तों, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in




# चिकित्सा क्षेत्र में भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर जिले के बालवाड़ा ग्राम में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवनिर्मित श्रीमती सुरजबेन नथमल मोतीलालजी जैन राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन समारोह गुरूवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में जालोर जिले के भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय है। यह नवीन राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के ग्रामीण नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं विकसित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए जैन परिवार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा की भावना से किया गया यह प्रयास अनुकरणीय है, जो अन्य भामाशाहों को भी जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के साथ उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नये आयाम छू रहा है।

उन्होंने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बालवाड़ा के भवन का निर्माण करवाये जाने पर भामाशाह श्रीमती सुरजबेन, नथमल, मोतीलाल परिवार का आभार जताते हुए भामाशाह का माल्यार्पण व साफा पहनाकन अभिनंदन किया।

अतिथियों ने श्रीमती सुरजबेन नथमल मोतीलाल जैन राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ कर अवलोकन किया।

समारोह में भामाशाह परिवार के नथमल जैन, सुमेरबल जैन व रतनलाल जैन, जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर डॉ. भैराराम जाणी, निवर्तमान प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, पुखराज विराणा, प्रेमाराम देवासी, गणपतसिंह बगेड़िया, महेंद्र सिंह भागली, जवानाराम सुथार, भंवरसिंह बालावत, नाथूसिंह तीखी, दुलीचंद जैन, लालसिंह, सायला के बीसीएमओ डॉ. रघुनंदन विश्नो, वरिष्ठ समाजसेवी जवाहरलाल देशलहरा, हर्षवर्धन सिंह, सायला की निवर्तमान उप प्रधान श्रीमती अनुराधा कंवर, प्रशासक अनुकंवर, डॉ. देवेन्द्र अहारी, नर्सिंग ऑफिसर घनश्याम सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दस दिवसीय क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर शुरू

आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दस दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद अन्तरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को पीएम श्री राजेन्द्र सूरि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा में किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जीवन में योग व प्राणायम, आयुर्वेद में खान-पान के महत्व तथा इससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी साथ ही आयुर्वेद को जीवन में अपनाने व योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही।

शुभारम्भ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में निवर्तमान प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, पुखराज विराणा, प्रेमाराम देवासी, महेंद्र सिंह भागली, बागरा के प्रशासक सत्यप्रकाश राणा, निवर्तमान उप सरपंच जयंतिलाल घांची, प्रकाश टेलर, जवानमल सुथार, आकोली प्रशासक चौपाराम देवासी, सुखराज सिंह राजपुरोहित, बैरठ के प्रशासक छैल सिंह राजपुरोहित बीसीएमओ डॉ. भजनाराम विश्नोई, बागरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जयकुमार, डॉ. मोहमद मुख्तार अहमद, नून के प्राचार्य खींमसिंह उपस्थित रहे।

आयुर्वेद विभाग जालोर के उपनिदेशक डॉ. भवानी सिंह राजपुरोहित, शिविर प्रभारी डॉ. रामेश्वर गौतम, सह प्रभारी डॉ विजयराज चाहर, शल्य चिकित्सक डॉ. भरत सुथार, पंचकर्म प्रभारी डॉ. सांवलाराम सुथार, अग्निकर्म के डॉ नरेन्द्र परमार, डॉ. मैना मीणा, डॉ. हंसाराम माली उपस्थित रहे।

### प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम होगा

शिविर स्थल पर प्रातः 7 से 8 बजे तक योग प्रशिक्षक दिनेश सिंह राजपुरोहित व भेराराम सुथार द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम द्वारा सम्पादित किया जाएगा।

## निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पचपदरा में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में की जा रही व्यवस्थाओं, विभागवार लगाए गए काउंटरों तथा आमजन की समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद अत्यंत आवश्यक है। ऐसे शिविर प्रशासन को जनता के करीब लाने का सशक्त माध्यम हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक को संतोषजनक समाधान देने के निर्देश दिए।

# जोधपुर में सांसद खेल महोत्सव 2025 संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। फिट इंडिया एवं खेलो इंडिया की राष्ट्रीय संकल्पना को धरातल पर साकार करता सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन समारोह गुरुवार को क्रीड़ा संगम गौशाला मैदान में अति उत्साह, गरिमा एवं राष्ट्रभाव से परिपूर्ण वातावरण में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ उद्घाटन घोषणा एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात मशाल रिले, मार्च-पास्ट एवं अभिमुख प्रयाण के माध्यम से खिलाड़ियों ने अनुशासन, एकता एवं खेल भावना का प्रेरक प्रदर्शन किया।

समारोह को और अधिक गौरवमयी बनाते हुए इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और खिलाड़ियों व जनसमुदाय को संबोधित किया।

संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के खिलाड़ियों ने न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने का अभियान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र शारीरिक रूप से फिट होता है, वही विकसित राष्ट्र बनता है।

खिलाड़ियों के अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को उन्होंने स्वस्थ भारत की आधारशिला बताया।

उन्होंने कहा कि इस महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक खेलों के साथ पंचायत स्तर से की गई, जिसमें महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने सामुदायिक भावना, समरसता और सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत किया।

समापन समारोह में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में डॉ. प्रेम भंडारी एवं विरासत कल्चरल सोसायटी, धनोरा (पंजाब) द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। खेल, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम के अद्भुत संगम का साक्षी बना यह समारोह दर्शकों के लिए अविस्मरणीय रहा।

कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए आयोजन से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मिश्रा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 चार चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें 1,30,056 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया। ग्राम एवं शहरी स्तर से चयनित होकर 19,597 खिलाड़ी ब्लॉक स्तर तक पहुंचे तथा विधानसभा स्तर पर विजेता बने 1,619 खिलाड़ियों ने संसदीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता दर्ज कराई।

भागीदारी के मामले में जोधपुर संसदीय क्षेत्र ने देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। खिलाड़ी कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रस्साकशी, एथलेटिक्स एवं योगासन सहित कुल 8 खेल विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

समारोह में सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, फलौदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, पूर्व राज्यमंत्री प्रो. महेंद्र सिंह राठौड़, श्रीमती ज्योति ज्याणी, हनुमान सिंह खांगटा, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, मनीष पुरोहित, गौरव जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला विकास पुस्तिका का विमोचन, शपथ दिलाई

**जालोर**, (नि.सं.। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला कलक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनके जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वाजपेयी के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा लेकर आत्मसात करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक भाव से देश सेवा करने की सीख उनके जीवन से मिलती है। उन्होनें उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को लोक सेवा के भाव से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की बात कहीं।

कार्यक्रम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा अतिथियों एवं कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद किशोर राजोरा, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, प्रेमाराम देवासी, मुकेश राजपुरोहित, गीता बारोट, सुरेश सुंदेशा, ओबाराम देवासी, अम्बालाल व्यास, महेश भट्ट, दिनेश महावर, अमन मेहता, सुरेश सोलंकी, दिनेश बारोट, भूर सिंह, रमेश मेघवाल, उर्मिला दर्जी सहित अधिकारी-कार्मिक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

वहीं जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सांचौर उपखण्ड कार्यालय से वीसी के माध्यम से जुड़कर अधिकारियों-कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाकर सत्यनिष्ठा एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से कर्तव्यों को निर्वहन करने की बात कही।

## सड़क दुघर्टना में युवक की मृत्यु

**जोधपुर**, (कासं)। नारवा रोड सूरसागर में एक युवक की बाइक किसी जानवर से टकरा गई। हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसकी बाद में अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। उसके चाचा की तरफ से सूरसागर थाने में मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

पुलिस ने बताया कि मथानिया के बिंजवाडिय़ा स्थित सुखसागर कृषि फार्म हाउस पर रहने वाला 18 साल का ईश्वर पुत्र हनुमानराम भाटी अपनी बाइक लेकर नारवा रोड से निकल रहा था। तब बाइक के सामने एक जानवर आ गया और वह टकरा गया। घायल होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके चाचा विनोद भाटी ने मर्ग में रिपोर्ट दी। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

# जीनगर समाज की 501 प्रतिभाओं का सम्मान



जीनगर समाज के जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन भीनमाल स्थित जीनगर समाज भवन जगजीवन राम कॉलोनी में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**भीनमाल**, (निसं)। जीनगर युवा संघर्ष समिति के तत्वावधान में जीनगर समाज का जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को भीनमाल स्थित जीनगर समाज भवन, जगजीवन राम कॉलोनी में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

जीनगर समाज के इस 17 वें समारोह में जीनगर समाज की 501 प्रतिभाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या एवं साहित्यकार किरण बाला रही। अध्यक्षता ईश्वरलाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर तेजाराम, भूतपूर्व अतिरिक्त निदेशक कृषि विज्ञान केंद्र जालोर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह में कक्षा 10 व 12, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 65 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। जीनगर रत्न सम्मान से भी चयनित प्रतिभाओं को अलंकृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को 5100 व 6000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों- शिक्षा, सेवा, तकनीक, व्यवसाय एवं सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

आयोजन की व्यवस्थाओं में भोजन, पंजीयन, मंच संचालन एवं अतिथि सत्कार की जिम्मेदारी समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा सफलतापूर्वक निभाई गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं, दानदाताओं एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह ने समाज में शिक्षा व प्रतिभा प्रोत्साहन की दिशा में एक प्रेरणादायी संदेश दिया। इस दौरान समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सी.ई.टी.पी. के अशोक लोढ़ा ही रहेंगे कप्तान

**पाली**, (नि.सं.)। उद्यिमयों के ट्रस्ट सीईटीपी फाउंडेशन के कप्तान अशोक लोढ़ा ही रहेंगे। साथ ही पूरी कार्यकारिणी को भी उनको पदों पर रहने की स्वीकारोक्ति प्रदान कर दी हैं।

गौरतलब है कि अशोक लोढ़ा समेत पूरी कार्यकारिणी ने सीईटीपी की बैठक के दौरान उठाए गए सवालों से खिन्न होकर त्यागपत्र दे दिया था। पूरी कार्यकारिणी ने भी पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज पर ट्रीटमेंट प्लांट ठेकेदार की तरफ से लादे गए संकट के कारण समूची इंडस्ट्रीज बंद हो गई थी।

एक महीने से सभी फैक्ट्रियों पर ताले लग गए थे। लोढ़ा ने स्थिति को भांपते हुए उद्यिमयों को इस संकट से बाहर निकाला। अब फैक्ट्रियां फिर से धीरे धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं। उद्यिमयों ने लोढ़ा की दक्षता को देखते हुए फिर से उनको कमान सौंपने की अपील की। इसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

वहीं सीईटीपी फाउंडेशन की आमसभा फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक लोढ़ा की अध्यक्षता में हुई। इसमें फैक्ट्रियों को निर्बाध रूप से संचालित करने के मुद्दे पर चर्चा की गई। लोढ़ा ने कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट के ठेकेदार ने पूरी इंडस्ट्रीज को संकट में डाला है। अब तक उधमियों को करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका हैं। ठेकेदार ने इंडस्ट्रीज को पूरी तरह से बंद करवाने की तैयारी कर ली थी। लोढ़ा ने उद्यिमयों के सब्र रखने के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने फैक्ट्रियों के सुचारू संचालन के लिए सहयोग की अपील की। सचिव एसपी चोपड़ा व कोषाध्यक्ष प्रवीण कोठारी ने भी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज के संकट से मिल जुलकर सामना करने का संकल्प दिलाया।

## ज्योतिर्लिंग अंश के दर्शन कराए

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में जसोलधाम में श्रद्धालुओं को लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अंश के दुर्लभ एवं सौभाग्यपूर्ण दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ।

बुधवार को श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल (जसोलधाम) परिसर में यह आयोजन सायं 4 बजे से 6:30 बजे तक मर्यादित वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवधि में हजारों श्रद्धालुओं ने अनुशासनपूर्वक दिव्य ज्योतिर्लिंग अंश के दर्शन किए। ज्योतिर्लिंग अंश के जसोलधाम आगमन पर संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह, जसोल एवं संस्थान समिति सदस्यों ने स्वागत किया। गैर नृत्य, दमामी एवं मांगणियार लोक कलाकारों ने वातावरण को सांस्कृतिक वैभव से सराबोर कर दिया। दर्शन कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत ज्योतिर्लिंग अंश को संस्थान अध्यक्ष के निज निवास रावलगढ़, जसोल ले जाया गया।

# बालोतरा में 2881 किमी. सड़कें व पुल बना

**बालोतरा**,(नि.सं.)। स्वतंत्रता के दशकों बाद तक भारत के ग्रामीण क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। इन सुविधाओं तक पहुँचने के लिए एक मार्ग की जरूरत थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 25 दिसंबर 2000 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के रूप में भारत के असंबद्ध गांवों को सड़क से जोड़ने की मजबूत नीव रखी। जिसके तहत सामान्य क्षेत्र की 500 से अधिक एवं मरूस्थलीय तथा आदिवासी क्षेत्र की 250 से अधिक आबादी की बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया तथा आगे चलकर इसमें प्रमुख ग्रामीण सड़कों का चौड़ाईकरण सुदृढ़ीकरण करने का लक्ष्य भी सम्मिलित किया गया।

बालोतरा जिलें में लगभग 468 करोड़ रुपये की लागत से 2881 किमी. सड़कों व 1 पुल का निर्माण करवाकर 731 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ा गया है।

प्रथम चरण में जिलें में लगभग 410.83 करोड़ रूपये की लागत से 2680 किमी. लम्बाई की सड़कों का निर्माण कर 731 बसावटों को ऑलवेदर पक्की सड़कों से जोड़ा गया। इसके साथ ही 231 किमी. लम्बाई की 26 सड़कों का चौडाईकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया ।

जैसे जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया, चयनित थ्रू रूट्स और ग्रामीण सड़क नेटवर्क को अधिक मजबूत करने की जरूरत महसूस की गई। वर्ष 2013 में भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया की सिर्फ नयी सड़कों का निर्माण पर्याप्त नहीं है, बल्कि मौजूदा सड़कों के नेटवर्क को और अधिक मजबूत करना भी आवश्यक है। योजना के दूसरे चरण में जिलें में 15.16 करोड़ रुपये की लागत से 52.74 किमी. लम्बाई की सड़कों का चौडाईकरण सुदृढ़ीकरण कार्य करवाया गया।

योजना के तीसरे चरण में भी मौजूदा मार्गों व ग्रामीण संपर्क मार्गों को उन्नत किया गया ताकि बसावटों से कृषि बाजारों, कॉलेजों, अस्पतालों, अन्य किसान संबंधित उद्यमों तक सुगम एवं त्वरित कनेक्टिविटी स्थापित की जा सकें। इस चरण में अब तक जिलें में 41.65 करोड़ रुपये की लागत से 148 किमी. की 13 सड़कों का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण करवाया गया है।

योजना के चौथे चरण में प्रदेश की 1638 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़े जाने के लिए चिन्हित किया गया है। इसके प्रथम फेज में 1216 बसावटों के लिए सड़क व एक पुल का निर्माण करवाया जायेगा। प्रथम फेज में लगभग 2 हजार 89 करोड़ रूपये की लागत से 3219 किमी. नयी सड़कों का निर्माण करवाया जायेगा।

## गर्ग ने शोकाकुलों को दी सांत्वना

**जालोर**, (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरूवार को सांथू ग्राम में प्रताप सिंह दहिया एवं नून ग्राम में समाजसेवी पारस सोनी व भंवसिंह राजपुरोहित के दुःखद निधन पर उनके घर जाकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इस दौरान निवर्तमान प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, पुखराज विराणा, प्रेमाराम देवासी, महेंद्र सिंह भागली, जवानाराम सुथार, हमीर सिंह नून, भभूत सिंह राजपुरोहित जितेंद्र सिंह राजपुरोहित, दीपाराम मेघवाल, उम्मेदसिंह राजपुरोहित, छतराराम भारती सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# करोटी मार्ग पर कार चालक से मारपीट, लोगों में रोष

**रेवदर**, (नि.सं.)। कस्बे के करोटी से एक कार में परिवार के 3 महिला व 1 पुरूष आबुरोड से जा रहे थे। पीछे से आ रही एक अन्य कार में बैठे दो से तीन लोग आगे चल रही कार के आगे अपना वाहन लगा कर उसमें बैठे एक व्यक्ति सहित महिलाओं से हाथापाई करने लग गए। घटना में कार में सवार संदीप के आंखों में हाथापाई के बाद चोट आई। वही गाड़ी में रखे कुछ नकद राशि भी लेने की बात सामने आ रही है। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग रेवदर थाने पहुंचे। पुलिस ने संदीप के चोट आने के बाद मेडिकल करवाया।

कार चालक के साथ हुई मारपीट के बाद हिन्दू संगठनों व व्यापारियों ने बाजार बंद कर पीड़ित का समर्थन किया। सभी ग्रामीणों व व्यापारियों ने, बाजार को बंद कर कस्बे के महादेव मंदिर पहुंच कर बैठक रखी व मारपीट करने वाले समुदाय विशेष के लोगों द्वारा बाहरी लोगों के साथ हाथापाई की घोर निंदा की।

घटना की जानकारी मिलते ही रेवदर पुलिस सीआई सीताराम पंवार ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों से इस संबंध में चर्चा की। साथ ही करोटी पहुंचकर पुलिस व व्यापारियों के बीच हुई वार्ता के बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले लोगों को पकड़ने का आश्वासन दिया। साथ ही व्यापारियों ने भी जल्द मारपीट करने वालों को पकड़ने की बात कही। जिसके बाद आपसी सहमति के बाद व्यापारियों ने दुकानें खोली। पुलिस ने संदेह के तोर पर दो लोगों को रेवदर लाकर पूछताछ की।

# खेल से युवाओं को मजबूत, सशक्त बनाने का प्रयास : सांसद चौधरी

**पाली**, (नि.सं.)। बांगड़ स्टेडियम में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और सुशासन दिवस के अवसर पर हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर खिलाड़ियों को संबोधित किया।

इस महोत्सव में पाली लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभाओं से 3 लाख 41 हज़ार युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। मेगा फाइनल में लगभग 800 खिलाड़ी उतरे, जिन्होंने खो-खो, कब्बड्डी, रस्सा-कस्सी, दौड़, वॉलीबॉल, फुटबॉल इत्यादि खेलों में अपना दमखम दिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में खेल क्षेत्र में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश का खेल बजट 12,000 करोड़ रुपए से भी कम था, लेकिन आज यह बढ़कर 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत एथलीटों को 25,000 से 50,000 रुपए तक की मासिक वित्तीय सहायता दी जा रही है, जिससे वे बेहतर तैयारी कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मैं देश के हर खिलाड़ी से कहना चाहता हूं कि आप सिर्फ अपनी जीत के लिए नहीं खेल रहे हैं, आप देश के लिए खेल रहे हैं, तिरंगे के मान-सम्मान के लिए खेल रहे हैं।

इस अवसर पाली सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को खुले मैदानों में भेजें, क्योंकि खेल केवल सीखने का माध्यम नहीं है, बल्कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क की आधारशिला है। खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम स्पिरिट विकसित होता है। उन्हेंाने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को नई दिशा देने तक, उन्होंने हमेशा युवाओं, एथलीटों और प्रतिभा को बढ़ावा देने का सपना देखा। आज खेलों के जरिए जो मज़बूत, कॉन्फिडेंट और डिसिप्लिन्ड युवा भारत उभर रहा है, वह अटल जी के आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ सांसद खेल महोत्सव आज केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गाँव-ढाणी से खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस महोत्सव ने प्रदेश के युवाओं को एक ऐसा मंच दिया है, जहाँ से वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं। यह फिट इंडिया, खेलो इंडिया, फिट युवा फॉर विकसित भारत जैसे मूवमेंट और संदेशों को धरातल पर उतारने का सशक्त उदाहरण है। इसके माध्यम से स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को पुनर्जीवित किया गया है और हर वर्ग के बच्चों को खेल के अवसर मिले हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें अच्छी दिशा देने के लिए खेल सबसे असरदार तरीका है। सांसद चौधरी ने इस आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए सक्रिय योगदान देने वाले सभी सहयोगियों, भामाशाहों, पाली एवं जोधपुर जिला प्रशासन, आयोजकों एवं विशेष रूप से खिलाड़ियों के प्रति अपना आभार जताया। सांसद और मेहमानों ने विजेताओं और जिला प्रशासन की टीमों को पुरस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम में सांसद चौधरी के अलावा कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, सोजत विधायक शोभा चौहान, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंतसिंह विश्नोई, पूर्व विधायक भोपालगढ़ पुखराज गर्ग, पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के चैयरमेन प्रतापसिंह बिठिया, भाजपा पाली जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, जोधपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष त्रिभुवनसिंह भाटी, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, श्रीमती रेखा राकेश भाटी, आयोजन संभाग प्रभारी महेन्द्र मेघवाल, जिला कलेक्टर श्री एलएन मंत्री, शिवराम ग्वाला, हेमंत गदाणा, ओमप्रकाश चोटिया, प्रेमलता प्रजापत, जयवर्धन रांकावत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल औझा, देवीसिंह दईकड़ा इत्यादि उपस्थित रहे।

# बाड़मेर में सुशासन दिवस के कार्यक्रम हुए

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरुवार को सुशासन दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रदेश में सुशासन को मजबूत करने के लिए उठाए गए जनकल्याणकारी कदमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। इस दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई, जिसमें अच्छे प्रशासन, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति संकल्प लिया गया। इस दौरान चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन वृत्तांत, राजनीतिक योगदान एवं सुशासन के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति का महान युगपुरुष बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए ग्रामीण विकास का ऐतिहासिक कार्य किया। इससे ग्रामीण विकास के आयाम स्थापित हुए। उन्होंने जय विज्ञान के नारे को साकार करते हुए परमाणु परीक्षण को अंजाम दिया। सुशासन की दिशा में उनके प्रयास सदैव साकार रहेंगे। उन्होंने बाड़मेर के गडरारोड़ में पाक विस्थापितों के लिए संघर्ष किया। समाजसेवी दीपक कड़वासरा ने क्या हार में क्या जीत में, कर्तव्य पथ पर जो मिला, हो कुछ भी हार नहीं मानूंगा कविता के जरिए अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए हर परिस्थितियों से लड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जवाबदेही के जरिए सुशासन स्थापित किया जा सकता है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, यूआईटी सचिव श्रवण सिंह राजावत, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, दिलीप पालीवाल, स्वरूप सिंह खारा, रमेश सिंह इंदा, देवी लाल कुमावत, रणवीर सिंह भादू, लूणकरण बोथरा, पृथ्वी चांडक, पुलिस उप अधीक्षक रमेश कुमार शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्रप्रताप सिंह भाटी, कोषाधिकारी जसराज चौहान, संस्थापन अधिकारी हस्तीमल राठौड़, तहसीलदार हुकमीचंद, जिला शिक्षा अधिकारी देवा राम, कृष्ण सिंह महेचा, अधीक्षण अभियंता सुरा राम, अशोक मीना, फरसा राम गौड़, मुख्य आयोजना अधिकारी नखताराम, पुलिस उप अधीक्षक अरविंद जांगिड़, एमआर गढ़वीर समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण एवं कार्मिक तथा आमजन उपस्थित रहे। इस दौरान रूपाली शर्मा, कानराज पूनिया, सुश्री जयश्री छंगाणी ने अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़े वृत्तांतों एवं कविताओं की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र गौरव बताते हुए आभार जताया। जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे। अहिंसा सर्किल से सुशासन रैली निकाली गई।

